>

Title: Regarding payment of compensation to farmers suffering loss of lives and crops due to high tension power lines passing over their agricultural land.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं सरकार का ध्यान देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा लगाए गए पावरग्रिडों की स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं। पा.ग्रि.इं.लि. द्वारा स्थापित पावरग्रिड देश के विभिन्न राज्यों की कृषि भूमि पर लगाए गए हैं। पावरग्रिडों की विद्युत तारें अक्सर लहलहाते खेतों पर टूटकर गिर जाती हैं। हाईपावर तारें खेतों में खड़ी तैयार फसल को जलाकर बर्बाद कर देती हैं। दर्जनों खेत जलकर स्वाहा हो जाते हैं। इससे देश को करोड़ों रूपये के खाद्य का भी नुकसान होता है। तारें गिरने से कभी-कभी किसानों की भी तत्काल मृत्यु हो जाती है। किंतु बड़े दुख की बात है कि कंपनी द्वारा इसका मुआवजा किसान को अथवा उसके परिवार को नहीं दिया जाता है जोकि सरासर अन्याय है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि देश के गरीब किसानों के साथ न्याय करते हुए संबंधित कंपनियों को मुआवजा देने का प्रावधान बनाने हेतु निर्देश दिए जाएं जिससे किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके तथा जहां टावर खड़ा करते हैं उस जमीन का भी मुआवजा किसानों को दिया जाए।